an>

Title: Need to start work on multipurpose project for development of various facilities in Ballia Parliamentary constituency, Uttar Pradesh.

***श्री भरत सिंह (बलिया) :** मैं अपने संसदीय क्षेत्र बलिया में बंद पड़े बहुउद्देशीय प्रोजेक्ट को पुनः सुचारू रूप से संचालित करने के संबंध में केन्द्र सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं ।

मेरे संसदीय क्षेत्र बलिया के ग्राम बसन्तपुर में 215 एकड़ भूमि पर बने बहुउद्देशीय प्रोजेक्ट में केन्द्र सरकार द्वारा अत्यधिक राजस्व व्यय करने के बाद भी कई महत्वपूर्ण योजनाएं जैसे कृषि अनुसंधान केन्द्र, एशिया का सबसे बड़ा फव्वारा, वन विभाग का गेस्ट हाउस, पौधशाला, अत्याधुनिक सुविधाओं से सज्जित कैन्टीन, भोजपुरी सांस्कृतिक केन्द्र तारामण्डल, हिस्ट्री म्यूजियम, वृद्धा आश्रम, चिल्ड्रेन पार्क, ऑडिटोरियम, दूरसंचार विभाग का गेस्ट हाउस, कृत्रिम झील, कृत्रिम पुल इत्यादि ठप्प पड़ी हैं । परिणामस्वरूप देश को करोड़ों रूपये की हानि उठानी पड़ रही है । प्रोजेक्ट सुचारू रूप से संचालित नहीं होने के कारण यह प्रोजेक्ट जंगल में तब्दील हो रहा है ।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस मामले में हस्तक्षेप कर बलिया में बंद पड़े बहुउद्देशीय प्रोजेक्ट को पुनः शीघ्रातिशीघ्र सुचारू रूप से संचालित किया जाए जिससे क्षेत्र में रोजगार के सृजन होने के साथ-साथ नवयुवकों का पलायन बंद हो सके तथा पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा । सरकार के इस कदम से बलिया के साथ-साथ आस-पास के क्षेत्रों का भी चहुँमुखी विकास भी सुनिश्चित हो सकेगा।